रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 196] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अप्रैल 3, 2014/चैत्र 13, 1936
No. 196] NEW DELHI, THURSDAY, APRIL 3, 2014/CHAITRA 13, 1936

IndiaCode

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 मार्च, 2014

सा.का.नि. 266 (अ).—केन्द्रीय सरकार, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 380 की उपधारा (1) के खंड (ग) और खंड (ज) और उपधारा (3), धारा 381 की उपधारा (1) के खंड (क) और उपधारा (3), धारा 385, धारा 386 के खंड (क), धारा 389 और धारा 469 के साथ पठित धारा 390 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और कंपनी (केन्द्रीय सरकार) साधारण नियम और प्ररुप, 1956 अथवा इन नियमों के अधीन आने वाले विषयों पर कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के अधीन विहित किसी अन्य नियम को अधिक्रांत करते हुए, उन बातों के सिवाय जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ** –(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम कंपनी (विदेशी कंपनियों का रजिस्ट्रीकरण) नियम, 2014 है।

(2) ये नियम 01 अप्रैल, 2014 को प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं** – (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

(क) "अधिनियम" से कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) अभिप्रेत है;

(ख) "उपाबंध" से इन नियमों से उपाबद्ध उपाबंध अभिप्रेत है;

(ग) अधिनियम की धारा 2 के खंड (42) के प्रयोजन के लिए, "इलेक्ट्रॉनिक मोड" से इलेक्ट्रॉनिक रुप से आधारित कार्य अभिप्रेत है भले ही मुख्य सर्वर भारत में संस्थापित हो या नहीं, और इसमें निम्नलिखित शामिल है, चाहे ये कार्य ई-मेल, मोबाइल उपकरणों, सोशल मीडिया, क्लाउड कम्प्यूटिंग, दस्तावेज प्रबंधन, स्वर अथवा आंकड़ा संप्रेषण या अन्यथा तरीके से किया गया हो, किन्तु, यह उन्हीं तक सीमित नहीं है-

(i) संव्यवहार से संव्यवहार और उपभोक्ता संव्यवहार से अंतरण, आंकड़ा अंतर्परिवर्तन और अन्य डिजीटल आपूर्ति संव्यवहार;

(ii) भारत में अथवा भारतीय नागरिकों से जमा अथवा प्रतिभूतियों में अभिदान स्वीकार करने का प्रस्ताव करना;

(iii) वित्तीय निपटान, वेब आधारित विपणन, परामर्श और संव्यवहार सेवाएं, डाटाबेस सेवाएं और उत्पाद, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन;

(iv) ऑनलाइन सेवाएं जैसे टेलीमार्केटिंग, टेलीकम्युटिंग, टेलीमेडीसिन, शिक्षा और सूचना अनुसंधान; और

(v) सभी संबद्ध आंकड़ा संचार सेवाएं;

(घ) "फीस" से कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014 में यथाविहित फीस अभिप्रेत है;

(ङ) "प्ररुप" अथवा "ई-प्ररुप" से इन नियमों के उपाबंध में दिया प्ररुप अभिप्रेत है जिसका प्रयोग उससे संबंधित मामले के लिए किया जाएगा;

(च) "अनुसूची" से अधिनियम की अनुसूची अभिप्रेत है;

(छ) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है;

(2) उन शब्दों और पदों के, जो इन नियमों के प्रयुक्त है किंतु परिभाषित नहीं है और अधिनियम या कंपनी (परिभाषा ब्यौरों के विनिर्देशन) नियम, 2014 में परिभाषित है, वही अर्थ होंगे जो क्रमश: इन अधिनियमों या उक्त नियम में उनके हैं।

3. विदेशी कंपनियों द्वारा निदेशकों और सचिव से संबंधित विशिष्टियां रजिस्ट्रार को प्रस्तुत किया जाना – (1) प्रत्येक विदेशी कंपनी भारत में अपने संव्यवहार स्थान की स्थापना के तीस दिन के भीतर, अधिनियम की धारा 380 की उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट विशिष्टियां के अतिरिक्त ऐसी कंपनी के निदेशकों और सचिव की सूची भी रजिस्ट्रीकरण के लिए रजिस्ट्रार को उपलब्ध कराएगी।

(2) विदेशी कंपनी के निदेशकों और सचिव अथवा समतुल्य (जिस नाम से भी जाना जाता हो) की सूची में, ऐसी सूची में शामिल प्रत्येक व्यक्ति के लिए, निम्नलिखित विशिष्टियां अंतर्विष्ट होंगी, अर्थात्-

(क) व्यक्ति का पूरा नाम और उपनाम;

(ख) यदि पूर्व में कोई नाम है तो पूरा नाम अथवा उपनाम;

(ग) पिता का नाम अथवा माता का नाम और पति/पत्नी का नाम;

(घ) जन्म तारीख;

(ङ) निवास का पता;

(च) राष्ट्रीयता;

(छ) यदि वर्तमान राष्ट्रीयता उसकी मूल राष्ट्रीयता नहीं है तो मूल राष्ट्रीयता;

(ज) पासपोर्ट संख्या, जारी होने की तारीख और जारी करने वाले देश का नाम (यदि किसी व्यक्ति के पास एक से अधिक पासपोर्ट हैं तो सभी पासपोर्टों का ब्यौरा देना होगा);

(झ) आयकर स्थायी खाता संख्या (पैन), यदि लागू हो;

(ञ) पेशा, यदि कोई हो;

(ट) क्या किसी अन्य भारतीय कंपनी में निदेशक पद धारण करते हैं (यदि निदेशक पद धारण करते हो तो निदेशक पहचान संख्या (डिन), कंपनी का नाम और कारपोरेट पहचान संख्या(सीआईएन));

(ठ) उनके द्वारा धारित अन्य निदेशक पद ;

(ड) सदस्यता संख्या (केवल सचिव के लिए); और

(ढ) ई-मेल आई-डी ।

(3) कोई विदेशी कंपनी भारत में अपने संव्यवहार स्थान की स्थापना के तीस दिनों की अवधि के भीतर रजिस्ट्रार के पास कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014 में यथा उपबंधित ऐसी फीस और धारा 380 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार विदेशी कंपनी द्वारा रजिस्ट्रीकरण के लिए अपेक्षित दस्तावेजों के साथ प्ररुप एफसी-1 फाइल करेगा और यह आवेदन भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम विनियमों के अधीन अनुमोदन की सत्यापित प्रति तथा भारत में संव्यवहार स्थान की स्थापना के लिए ऐसी विदेशी कंपनी द्वारा अपेक्षित अन्य विनियामकों, यदि कोई हो, के अनुमोदनों की सत्यापित प्रति द्वारा समर्थित होगा अथवा ऐसी विदेशी कंपनी के प्राधिकृत प्रतिनिधि की इस आशय की घोषणा द्वारा समर्थित होगा कि ऐसा कोई अनुमोदन अपेक्षित नहीं है ।

(4) जहां धारा 380 की उपधारा (1) के अधीन रजिस्ट्रीकरण के लिए रजिस्ट्रार को प्रस्तुत दस्तावेज में कोई परिवर्तन किया जाता है अथवा उद्भूत होता है वहां विदेशी कंपनी ऐसे परिवर्तन की तारीख से तीस दिन की अवधि के भीतर कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014 में यथाविहित फीस सहित प्ररुप एफसी-2 में परिवर्तन के ब्यौरों का विवरण रजिस्ट्रार के समक्ष प्रस्तुत करेगी ।

4. **विदेशी कंपनी का वित्तीय विवरण –** (1) प्रत्येक विदेशी कंपनी प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए अपने भारतीय संव्यवहार प्रचालनों का वित्तीय विवरण अनुसूची-III के अनुसार या उसके अनुरूप तैयार करेगा जिसमें निम्नलिखित बातें होंगी:-

(i) अधिनियम की अध्याय IX के उपबंधों के अनुसार उसके साथ संलग्न किए जाने वाले अपेक्षित दस्तावेज अर्थात् कंपनियों का लेखा;

(ii) मूल विदेशी कंपनी द्वारा अपने देश में उस समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अधीन उसके निगमन वाले देश में विहित प्राधिकारी के समक्ष यथा प्रस्तुत अद्यतन समेकित वित्तीय विवरणों की प्रतियों से संबंधित दस्तावेज:

परंतु यह कि जहां ऐसे दस्तावेज़ अंग्रेजी भाषा में नहीं है वहां उनका अंग्रेजी भाषा में प्रमाणित अनुवाद संलग्न किया जाएगा:

परंतु यह और भी कि जहां केंद्रीय सरकार ने किसी विदेशी कंपनी अथवा विदेशी कंपनियों के किसी वर्ग के लिए विभिन्न दस्तावेजों से छूट दी है अथवा विनिर्दिष्ट किया है वहां यथा विनिर्दिष्ट दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएंगे;

(iii) उप नियम (2) के अनुसार उपाबंधित अथवा संलग्न किए जाने वाले यथा अपेक्षित अन्य दस्तावेज।

(2) प्रत्येक विदेशी कंपनी रजिस्ट्रार के समक्ष फाइल किए जाने हेतु अपेक्षित वित्तीय विवरण के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करेगी; अर्थात्:-

(क) संबंधित पक्षकार के कारबार का विवरण-जिसमें निम्नलिखित होंगे: ,

(i) भारत में ऐसे व्यक्ति का नाम जो विदेशी कंपनी अथवा ऐसी विदेशी कंपनी की किसी अनुषंगी कंपनी अथवा होल्डिंग कंपनी अथवा ऐसी कोई फर्म जिसमें ऐसी विदेशी कंपनी अथवा इसकी कोई अनुषंगी कंपनी अथवा होल्डिंग कंपनी भागीदार हो जिसे अधिनियम की धारा 2 के खंड (76) के अर्थान्तर्गत संबंधित पक्ष माना जाए;

(ii) ऐसे नातेदारी की प्रकृति;

(iii) संव्यवहार का विवरण और प्रकृति;

IndiaCode

(iv) वर्ष के दौरान खाता खोलते समय, बंद करते समय ऐसे संव्यवहार की राशि, वर्ष के दौरान उच्चतम और न्यूनतम शेष तथा ऐसे संव्यवहार के संबंध में किए गए उपबंध (यदि कोई हो)

(v) ऐसे संव्यवहार का कारण;

(vi) ऐसे संव्यवहार का दोनों पक्षकारों पर भौतिक प्रभाव;

(vii) संबद्ध पक्षकारों से या को बकाया के संबंध में बट्टे में डाली गई अथवा वापस लिखी गई राशि;

(viii) इस आशय की घोषणा कि ऐसा संव्यवहार यथोचित दूरी से किया गया है; और

(ix) वित्तीय प्रभाव को समझने के लिए आवश्यक संव्यवहार के कोई अन्य ब्यौरे;

(ख) लाभ प्रत्यावर्तन विवरण, जिसमें निम्नलिखित होंगे ,

(i) वर्ष के दौरान प्रत्यावर्तित लाभ की राशि;

(ii) प्रत्यावर्तन के प्राप्तकर्ता;

(iii) प्रत्यावर्तन प्ररुप;

(iv) प्रत्यावर्तन की तारीखें;

(v) लाभार्थी के आवास से भिन्न अन्य क्षेत्राधिकारी को किए गए प्रत्यावर्तन का ब्यौरा;

(vi) प्रत्यावर्तन का तरीका; और

(vii) भारतीय रिजर्व बैंक अथवा किसी अन्य प्राधिकारी का अनुमोदन यदि कोई हो ।

(viii) भारत में विदेशी कंपनी के व्यवसाय का स्थान और भारत के बाहर विदेशी कंपनी की होल्डिंग, अनुषंगी तथा एसोशिएट कंपनी सहित कोई अन्य संबद्ध पक्ष के बीच किसी निधि के अंतरण के संबंध में निधि अंतरण (लाभांश, यदि कोई हो, सहित) के विवरण में निम्नलिखित होंगे:-

(i) ऐसे अंतरण की तारीख;

(ii) अंतरित अथवा प्राप्त निधि की राशि;

(iii) निधि की प्राप्ति अथवा अंतरण का तरीका;

(iv) ऐसी प्राप्ति अथवा अंतरण का प्रयोजन; और

(v) भारतीय रिजर्व बैंक अथवा किसी अन्य प्राधिकारी का अनुमोदन, यदि कोई हो ।

(3) इस नियम में अंतर्विष्ट दस्तावेज, दस्तावेजों से संबंधित विदेशी कंपनी के वित्तीय वर्ष की समाप्ति के छः मास की अवधि के भीतर रजिस्ट्रार को प्रस्तुत किया जाएगा:

परंतु यह कि रजिस्ट्रार, किसी विशेष कारण से, और संबंधित विदेशी कंपनी द्वारा लिखित में आवेदन करने पर उक्त अवधि को अधिकतम तीन मास के लिए बढ़ा सकता है।

5. **विदेशी कंपनी के लेखाओं की लेखापरीक्षा** – (1) प्रत्येक विदेशी कंपनी धारा 381 की उपधारा (1) के खंड (क) और नियम 4 की अपेक्षानुसार भारतीय संव्यवहार प्रचालनों के संबंध में तैयार किए गए अपने लेखा की भारत में पेशारत किसी चार्टर्ड अकाउंटेंट अथवा पेशारत चार्टर्ड अकाउंटेंटों के किसी फर्म अथवा सीमित दायित्व भागीदारी से लेखापरीक्षा करवाएगा।

स्पष्टीकरण – इस उप नियम के प्रयोजन के लिए "चार्टर्ड अकाउंटेंट", "फर्म" और सीमित दायित्व भागीदारी के अर्थ क्रमशः इस अधिनियम और सीमित दायित्व भागीदारी अधिनियम, 2008 (2009 का 6) में दिए हुए अर्थ हैं।

(2) अध्याय X अर्थात लेखापरीक्षा और लेखापरीक्षक के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियम, आवश्यक परिवर्तन सहित, जहां तक लागू हो, विदेशी कंपनी पर लागू होंगे।

6. **विदेशी कंपनी के संव्यवहार स्थानों की सूची.**– प्रत्येक विदेशी कंपनी तुलन-पत्र की तारीख को कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014 के अधीन यथा उपबंधित फीस सहित प्ररुप एफसी-3 में भारत में विदेशी कंपनी द्वारा स्थापित सभी व्यवसाय स्थानों की एक सूची के साथ वित्तीय विवरण प्रस्तुत करेगी।

7. **वार्षिक विवरण.**–प्रत्येक विदेशी कंपनी अपने वित्तीय वर्ष की समाप्ति की तारीख से साठ दिन की अवधि के भीतर कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014 में यथा उपबंधित फीस के साथ प्ररुप एफसी-4 में वित्तीय वर्ष की समाप्ति के समय अंतर्विष्ट विशिष्टियों के साथ वार्षिक विवरण तैयार और रजिस्ट्रार के समक्ष फाइल करेगी।

8. **कार्यालय जहां दस्तावेज सौंपा जाएगा और दस्तावेजों के रजिस्ट्रीकरण हेतु फीस** – (1) किसी विदेशी कंपनी द्वारा रजिस्ट्रार को सौंपे जाने वाला अपेक्षित दस्तावेज़ नई दिल्ली के अधिकारिता वाले रजिस्ट्रार को सौंपा जाएगा, और अधिनियम के अध्याय XXII अर्थात् भारत के बाहर निगमित कंपनी और इन नियमों में रजिस्ट्रार के संदर्भ का तदनुसार अर्थ लिया जाएगा।

(2) विदेशी कंपनी से संबंधित किसी दस्तावेज के रजिस्ट्रीकरण के लिए रजिस्ट्रार को देय फीस कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014 में यथा उपबंधित फीस होगा।

(3) यदि कोई विदेशी कंपनी भारत में अपना संव्यवहार स्थान बंद करती है, तो वह इस तथ्य की सूचना तत्काल रजिस्ट्रार को देगी, और ऐसी सूचना देने की तारीख से रजिस्ट्रार के समक्ष कोई दस्तावेज सौंपने की कंपनी की जिम्मेदारी खत्म हो जाएगी, बशर्ते कि भारत में इसका कोई अन्य संव्यवहार स्थान न हो।

9. **प्रमाणन.**–किसी विदेशी कंपनी को गठित की गई या गठन परिनिश्चित किया गया किसी चार्टर, संविधिक, ज्ञापन और अनुच्छेद अथवा अन्य उपकरण निम्नलिखित तरीके से सत्य प्रति के रूप में सम्यक रूप से सत्यापित की जाएगी –

(1) यदि कंपनी राष्ट्रमंडल के बाहर किसी देश में निगमित है तो -

(क) तो पूर्वोक्त प्रति को सत्य प्रति के रूप में निम्नलिखित द्वारा सत्यापित किया जाएगा -

(i) उस सरकार का कोई पदधारी जिसकी अभिरक्षा में मूल दस्तावेज हैं; अथवा

(ii) ऐसे देश का नोटरी (पब्लिक); अथवा

(iii) उस कंपनी का कोई पदधारी।

(ख) खंड (क) के उपखंड (i) में अंतर्विष्ट पदधारी का हस्ताक्षर अथवा मुहर अथवा खंड (क) के उपखंड (ii) में अंतर्विष्ट नोटरी (पब्लिक) का प्रमाण-पत्र राजनयिक और कौंसलीय ऑफिसर (शपथ और फीस) अधिनियम, 1948 (1948 का 40) के खंड 3 के अधीन इस निमित्त सशक्त राजयनिक अथवा कौंसलीय ऑफिसर, अथवा जहां ऐसा कोई पदधारी नहीं है वहां शपथ आयुक्त अधिनियम, 1889 (52 और 53 विक्टोरियन सी.10), की धारा 6 में या उक्त प्रयोजन के लिए कोई अन्य सुसंगत अधिनियम में उल्लिखित पदधारियों द्वारा प्रमाणित होगा।

(ग) खंड (क) के उपखंड (iii) में अंतर्विष्ट कंपनी के पदधारी का प्रमाण-पत्र राजनयिक और कौंसलीय ऑफिसर (शपथ और फीस) अधिनियम, 1948 (1948 का 40) के खंड 3 के अधीन अथवा, यथास्थिति, शपथ आयुक्त अधिनियम, 1889 (52 और 53 विक्टोरियन सी.10) की धारा 3 द्वारा यथा उपबंधित शपथ दिलाने हेतु प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष हस्ताक्षरित होगा और बाद वाले मामले में शपथ दिलाने वाले व्यक्ति की स्थिति शपथ आयुक्त अधिनियम, 1889 (52 और 53 विक्टोरियन सी.10), की धारा 6 में या उक्त प्रयोजन के लिए कोई अन्य सुसंगत अधिनियम में विनिर्दिष्ट किसी पदधारी द्वारा अधिप्रमाणित होगा।

(2) यदि कंपनी राष्ट्रमंडल के किसी भी भाग में निगमित है तो, दस्तावेज की प्रति सत्य प्रति के रूप में निम्नलिखित द्वारा प्रमाणित होगी—

(क) उस सरकार का कोई पदधारी जिसकी अभिरक्षा में मूल दस्तावेज हैं; अथवा

(ख) राष्ट्रमंडल के उस भाग में कोई नोटरी (पब्लिक); अथवा

(ग) उस कंपनी का कोई पदधारी, जिसने राष्ट्रमंडल के उस भाग में शपथ ग्रहण कराने का प्राधिकार रखने वाले किसी व्यक्ति के समक्ष शपथ ग्रहण की हो।

(3) रजिस्ट्रार को सौंपा गया कोई परिवर्तित दस्तावेज भी उपरोक्त उल्लिखित रीति में सम्यक रूप से प्रमाणित होना चाहिए।

IndiaCode

(4) यदि कंपनी, राष्ट्रमंडल के बाहर किसी देश में निगमित है किंतु वह हेग एपोस्टाइल कन्वेंशन, 1961 का एक पक्ष है तो –

(क) दस्तावेज़ों की प्रति उस सरकार के किसी पदधारी द्वारा सत्य प्रति के रूप में प्रमाणित की जाएगी जिसकी अभिरक्षा में मूल दस्तावेज़ रखा गया है और हेग कन्वेंशन के अनुसार सम्यक रूप से टिप्पणीकृत होगा;

(ख) कंपनी के निदेशकों और सचिवों की एक सूची, यदि कोई हो, भारत में निवास करने वाले व्यक्तियों के नाम और पते, जो कंपनी की ओर से सूचना स्वीकार करने के लिए प्राधिकृत हों, कन्वेंशन के अनुसार उनके मूल देश में सम्यक रूप से नोटरीकृत और टिप्पणीकृत होंगे;

(ग) संगम ज्ञापन पर हस्ताक्षर और पते तथा भारत में कंपनी रजिस्ट्रीकृत कराने वाले विदेशी नागरिकों के पहचान-पत्र, जहां अपेक्षित हों, उनके मूल देश में नोटरी के समक्ष नोटरीकृत कराए जाएंगे और उक्त हेग कन्वेंशन के अनुसार सम्यक रूप से नोटरीकृत होंगे।

10. **अनुदित दस्तावेज़ों का प्रमाणन.**—(1) विदेशी कंपनियों द्वारा रजिस्ट्रार के समक्ष फाइल किए जाने हेतु अपेक्षित सभी दस्तावेज़ अंग्रेजी भाषा में होंगे और जहां ऐसा कोई दस्तावेज़ अंग्रेजी भाषा में नहीं है, वहां इन नियमों में दी हुई रीति से सम्यक रूप से प्रमाणित उसका अंग्रेजी भाषा में अनुवाद संलग्न किया जाएगा।

(2) जहां ऐसा कोई अनुवाद भारत के बाहर किया जाता है वहां इसे निम्नलिखित द्वारा हस्ताक्षर और मुहर के साथ अधिप्रमाणित किया जाएगा, यदि कोई हो –

(क) ऐसा पदधारी जिसकी अभिरक्षा में मूल प्रति हो; अथवा

(ख) ऐसे देश (या उस देश के किसी भाग) का नोटरी (पब्लिक) जहां वह कंपनी निगमित है:

परंतु यह कि जहां कंपनी राष्ट्रमंडल के बाहर किसी देश में निगमित है, वहां इस प्रकार प्रमाणित करने वाले व्यक्ति का हस्ताक्षर अथवा मुहर राजनयिक और कौंसलीय ऑफिसर (शपथ और फीस) अधिनियम, 1948 (1948 का XL) के खंड 3 के अधीन इसके लिए शक्ति प्राप्त राजनयिक अथवा कौंसलीय ऑफिसर, अथवा जहां ऐसा कोई पदधारी नहीं है वहां शपथ आयुक्त अधिनियम, 1889 (52 और 53 विक्टोरियन सी.10), की धारा 6 में या उक्त प्रयोजन के लिए कोई अन्य संगत अधिनियम में यथा विनिर्दिष्ट किसी पदधारी द्वारा अधिप्रमाणित होगा।

(3) जहां ऐसा अनुवाद भारत में किया जाता है वहां यह निम्नलिखित द्वारा अधिप्रमाणित होगा –

(क) किसी उच्च न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने की पात्रता रखने वाला कोई अधिवक्ता, अटॉर्नी, प्लीडर; या

(ख) ऐसे सक्षम व्यक्ति का शपथ-पत्र जिसे रजिस्ट्रार की राय में मूल दस्तावेज़ की भाषा और अंग्रेजी का पर्याप्त ज्ञान है।

11. **प्रोस्पेक्टस के साथ उपाबंधित किए जाने वाले दस्तावेज़.**—प्रोस्पेक्टस के साथ निम्नलिखित दस्तावेज़ उपाबंधित किए जाएंगे, अर्थात् :—

(क) प्रोस्पेक्टस के विषय पर विशेषज्ञ के रूप में किसी व्यक्ति से अपेक्षित कोई सहमति;

(ख) प्रबंध निदेशक अथवा प्रबंधक की नियुक्ति के लिए संविदाओं की प्रति और यदि संविदा लिखित में नहीं है तब, उसकी विशिष्टियां देते हुए एक ज्ञापन;

(ग) किसी अन्य भौतिक संविदाओं की प्रति, जो संव्यवहार के सामान्य प्रचालन में नहीं की जाती हैं किन्तु पूर्ववर्ती दो वर्षों में की गई हैं;

(घ) हामीदारी करार की एक प्रति; और

(ङ) यदि प्रोस्पेक्टस पर निदेशकों के सम्यक रूप से प्राधिकृत एजेंट के माध्यम से हस्ताक्षर किया गया है तो मुख्तारनामे की प्रति।

12. **विदेशी कंपनी के रूप में अनुचित उपयोग अथवा विवरण हेतु कार्रवाई.**—यदि कोई व्यक्ति या व्यक्ति समूह अधिनियम अथवा उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन विदेशी कंपनी के रूप में रजिस्ट्रीकृत किसी नाम अथवा उपनाम अथवा विवरण के अधीन किसी तरह का व्यापार या संव्यवहार करता है तो वह व्यक्ति या उस व्यक्ति समूह का प्रत्येक सदस्य, जब तक कि इस अधिनियम अथवा उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन विदेशी कंपनी के रूप में सम्यक रूप से रजिस्ट्रीकृत न हो, अधिनियम की धारा 210 के अधीन अन्वेषण करने के लिए उत्तरदायी होगा और अन्वेषण के परिणामस्वरूप उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

13. **भारतीय निक्षेपागार रसीद (आईडीआर) जारी करना.**—(1) धारा 390 के प्रयोजन के लिए भारत के बाहर निगमित अथवा निगमित की जाने वाली कोई कंपनी, चाहे उस कंपनी (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'जारीकर्ता कंपनी' कहा गया है) ने भारत में संव्यवहार स्थान स्थापित किया हो या नहीं किया हो अथवा करेगी या नहीं करेगी, तब तक भारतीय निक्षेपागार रसीद (आईडीआर) जारी नहीं करेगी जब तक ऐसी कंपनी भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (पूंजी जारी करना और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2009 तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किन्ही निदेशों के अतिरिक्त इस नियम में उल्लिखित शर्तों का पालन नहीं करती।

स्पष्टीकरण.—इस नियम के प्रयोजन के लिए, 'भारतीय निक्षेपागार रसीद' (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'आईडीआर' कहा गया है) से भारत में देशी निक्षेपागार द्वारा सृजित और ऐसे निक्षेपागार रसीद जारी करने वाली भारत के बाहर निगमित किसी कंपनी द्वारा प्राधिकृति निक्षेपागार रसीद के रूप में कोई उपकरण अभिप्रेत है।

(2) जारीकर्ता कंपनी आईडीआर जारी नहीं करेगा जब तक कि–

(क) उसकी जारी पूर्व प्रदत्त पूंजी और मुक्त निक्षेप कम से कम 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर न हो और अपने मूल देश में (पिछले तीन वर्षों के दौरान) इसका न्यूनतम औसत बाजार रजिस्ट्रीकरण कम से कम 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर न हो;

(ख) वह अपने मूल अथवा गृह देश में (ऐसी कंपनी के निगमन का देश) लगातार पिछले कम से कम तीन वर्षों से किसी स्टॉक एक्सचेंज में व्यापार कर रही हो;

(ग) उसका अधिनियम की धारा 123 के अनुरूप विगत पांच वर्षों में से कम से कम तीन वर्षों के लिए संवितरणीय लाभ का स्थापित अभिलेख हो;

(घ) यह ऐसे अन्य पात्रता मानकों को पूरा करता है जो इस निमित्त भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा समय-समय पर अधिकथित हों।

(3) जारीकर्ता कंपनी आईडीआर जारी करने के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाएगी :

(क) जारीकर्ता कंपनी अपने निगमन के देश से समुचित प्राधिकारियों से पूंजी या आईडीआर जारी करने से संबंधित सुसंगत विधियों के अधीन, जहां अपेक्षित हो, आवश्यक अनुमोदन या छूट अभिप्राप्त करेगा।

(ख) जारीकर्ता कंपनी आईडीआर जारी करने के साथ-साथ निर्गमन आकार के लिए आवेदन पर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से इस आशय की पूर्व लिखित अनुमति प्राप्त करेगी।

(ग) खंड (ख) के अधीन आईडीआर निर्गमन की प्रारंभिक तारीख से कम से कम नब्बे दिन पहले भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड को (प्रारूप प्रोस्पेक्टस के साथ) आवेदन और ऐसी फीस और सूचना दी जाएगी जैसा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट किया जाए:

परंतु यह कि जारीकर्ता कंपनी किसी वाणिज्यिक बैंककार के माध्यम से भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड को बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट प्ररूप में खंड (ख) के अधीन आवेदन के साथ सम्यक तत्परता रिपोर्ट भी प्रस्तुत करेगी।

(घ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड खंड (ग) के अधीन आवेदन प्राप्ति के तीस दिन की अवधि के भीतर आगे ऐसी कोई सूचना तथा स्पष्टीकरण, जैसा कि वह उक्त आवेदन के निपटान के लिए आवश्यक समझे, मांगेगा और ऐसी सूचना और स्पष्टीकरण प्राप्त होने के तीस दिन के अंदर आवेदन का निपटान करेगा:

परंतु यह कि आवदेन अथवा प्ररूप प्रोस्पेक्ट्स प्रस्तुत करने की तारीख से साठ दिन की अवधि के भीतर यदि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड प्रारूप प्रोस्पेक्ट्स में किए जाने वाले कोई परिवर्तन विनिर्दिष्ट करता है तो यह प्रोस्पेक्ट्स तब तक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अथवा कंपनी रजिस्ट्रार को फाइल नहीं की जाएगी जब तक उसमें उक्त परिवर्तन जोड़ न लिए जाएं।

(ङ) जारीकर्ता कंपनी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा खंड (ख) के अधीन आवेदन को अनुमोदन दिए जाने के बाद भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड को निर्गमन फीस, जैसा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा समय-समय पर विहित किया जाए, का भुगतान करेगी।

(च) जारीकर्ता कंपनी, कंपनी के दो प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, जिनमें से एक पूर्णकालिक निदेशक और दूसरा मुख्य वित्तीय पदधारी होगा, द्वारा प्रमाणित प्रोस्पेक्ट्स फाइल करेगी जिसमें बोर्ड के उस संकल्प की विशिष्टियों के ब्यौरे होंगे जिसके द्वारा इस प्रकार का निर्गमन करने से पहले भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड तथा कंपनी रजिस्ट्रार, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित किया गया था :

परंतु यह कि कंपनी रजिस्ट्रार, नई दिल्ली को उक्त प्रोस्पेक्ट्स फाइल करते समय भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा दिए गए अनुमोदन की एक प्रति और जारीकर्ता कंपनी द्वारा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड को भुगतान किए गए फीस का विवरण भी संलग्न किया जाए।

(छ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड तथा कंपनी रजिस्ट्रार, नई दिल्ली को फाइल किए जाने वाले प्रोस्पेक्ट्स में उप नियम (8) में यथा विहित विवरण दिए जाएंगे और इस पर जारीकर्ता कंपनी के सभी पूर्णकालिक निदेशकों के और मुख्य वित्तीय पदधारी के हस्ताक्षर होंगे।

(ज) जारीकर्ता कंपनी आईडीआर के निर्गमन के प्रयोजन के लिए एक विदेशी अभिरक्षक बैंक, एक देशी निक्षेपागार और एक वाणिज्य बैंककार नियुक्त करेगी।

(झ) जारीकर्ता कंपनी आईडीआर निर्गमन की हामी भरने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास रजिस्ट्रीकृत हामीदार नियुक्त करेगी।

(ञ) जारीकर्ता कंपनी विदेशी अभिरक्षक बैंक को अधःस्थ इक्विटी शेयर प्रदान करेगी अथवा प्रदान करने का माध्यम बनेगी और उक्त बैंक आईडीआर के निर्गमन के लिए देशी निक्षेपागार प्राधिकृत करेगा।

(ट) जारीकर्ता कंपनी भारत में देश भर के व्यापार स्थलों वाले एक अथवा अधिक स्टॉक एक्सचेंजों से सैद्धांतिक सूचीकरण अनुमति प्राप्त करेगी।

स्पष्टीकरण – इस नियम के प्रयोजन के लिए,

(i) 'देशी निक्षेपागार' से प्रतिभूतियों का ऐसा अभिरक्षक अभिप्रेत है जो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड में रजिस्ट्रीकृत है और भारतीय निक्षेपागार रसीदों का निर्गमन करने के लिए जारीकर्ता कंपनी द्वारा प्राधिकृत है।

(ii) "वाणिज्यिक बैंककार" से प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (वाणिज्यिक बैंककार) नियम, 1992 के विनियम 2 के उप विनियम (गख) में यथापरिभाषित वाणिज्यिक बैंककार अभिप्रेत हैं।

(iii) "विदेशी अभिरक्षक बैंक" से ऐसी बैंककारी कंपनी अभिप्रेत है जो भारत के बाहर किसी देश में स्थापित है तथा जारीकर्ता कंपनी के उन साधारण शेयरों के लिए अभिरक्षक के रूप में कार्य करती है जिनके विरुद्ध देशी निक्षेपागार के साथ अभिरक्षक व्यवस्था अथवा समझौता करके अथवा भारत में कारोबार स्थल की स्थापना करके आईडीआर निर्गमित करने का प्रस्ताव है।

(4) वाणिज्यिक बैंककार, आईडीआर का निर्गमन करने के लिए, रजिस्ट्रीकरण के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड या कंपनी रजिस्ट्रार, नई दिल्ली को निम्नलिखित दस्तावेज़ या जानकारी परिदत्त करेगा, अर्थात्:—

(क) जारीकर्ता कंपनी का गठन करने वाली या उसके गठन को परिभाषित करने वाली लिखत;

(ख) विधि का बल रखने वाली अधिनियमितियां या उपबंध जिनके द्वारा या जिनके अधीन जारीकर्ता कंपनी प्रभावी हुई थी, ऐसे उपबंधों की कंपनी के किसी पदधारी द्वारा अनुप्रमाणित प्रति संलग्न की जाए;

(ग) यदि जारीकर्ता कंपनी ने भारत में कारबार का स्थान स्थापित कर लिया है तो भारत में उसके प्रधान कार्यालय का पता;

(घ) यदि जारीकर्ता कंपनी ने भारत में कारबार का प्रधान स्थान स्थापित नहीं किया है तो भारत में ऐसा पता जहां उक्त लिखत, अधिनियमितियां या उपबंध या उनकी प्रतियां लोक निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं और यदि वे अंग्रेजी में नहीं हैं तो जारीकर्ता कंपनी के किसी मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक द्वारा प्रमाणित उसका अनुवाद लोक निरीक्षण के लिए रखा जाएगा;

(ङ) उस देश में जिसमें उस कंपनी का निर्गमन हुआ है, जारीकर्ता कंपनी के निर्गमन के प्रमाण-पत्र की प्रमाणित प्रति;

(च) जारीकर्ता कंपनी, विदेशी अभिरक्षक बैंक, देशी निक्षेपागार के बीच किए गए करारों की प्रतियां जो, अन्य बातों के साथ, आईडीआर के धारकों को दिए जाने वाले अधिकारों को विनिर्दिष्ट करेंगे;

(छ) यदि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड या कंपनी रजिस्ट्रार के पास फाइल किए जाने के लिए अपेक्षित कोई दस्तावेज़ या उसका कोई भाग अंग्रेजी भाषा में नहीं है तो उस दस्तावेज़ या उसके भाग का अंग्रेजी में अनुवाद उस दस्तावेज़ की प्रत्येक प्रति के साथ संलग्न किया जाएगा जिसका सही होना कंपनी के मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक द्वारा प्रमाणित किया जाएगा और भारत में उस देश के राजदूतावास या वाणिज्यिक दूतावास के प्राधिकृत पदधारी द्वारा प्रमाणित किया जाएगा।

(5) (क) जारीकर्ता कंपनी की प्रतिभूतियों के लिए कोई आवेदन प्ररूप तब तक जारी नहीं किया जाएगा जब तक कि प्ररूप के साथ ऐसा ज्ञापन संलग्न न हो जिसमें विनिर्दिष्ट रूप में प्रास्पेक्टस की मुख्य बातें अंतर्विष्ट की गई हों।

(ख) कोई भी आवेदन प्ररूप खंड (क) में यथाविनिर्दिष्ट ज्ञापन के बिना जारी किया जा सकेगा यदि वह आईडीआर की बाबत हामीदार करार करने के लिए आमंत्रण के संबंध में जारी किया जाता है।

(ग) जारीकर्ता कंपनी की आईडीआरों की अभिदान के लिए प्रास्पोक्टस जिसके अधीन ऐसा कथन भी होगा जो किसी विशेषज्ञ द्वारा किया गया तात्पर्यित हो, तब तक भारत में या विदेश में परचालित, जारी या वितरित नहीं किया जाएगा जब तक यह कथन कि विशेषज्ञ ने उसके जारी किए जाने के लिए अपनी लिखित सहमति दे दी है और इसने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड और कंपनी रजिस्ट्रार, नई दिल्ली के प्रास्पेक्टस की गति परिदत्त किए जाने से पूर्व प्रास्पेक्टस से अपनी सहमति वापस नहीं ली है।

(घ) अधिनियम के उपबंध प्रास्पेक्टस में गलत विवरण देने के लिए सभी दायित्वओं अथवा आईडीआर में धन निवेश करने हेतु लोगों को धोखे से उकसाने के लिए दंड के लिए लागू होंगे।

(ङ) प्रास्पेक्टस जारी करने के लिए उत्तरदायी व्यक्ति इस नियम के किसी उपबंध के किसी अनुपालन या उसके उल्लंघन के लिए कोई दायित्व उपगत नहीं करेगा/करेंगे, यदि -

(i) ऐसे किसी विषय के उपबंध में जो प्रकट नहीं किया गया है, वह यह साबित कर देता है कि उसे उसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी; या

(ii) ऐसे विषयों की बाबत उत्पन्न उल्लंघन, केंद्रीय सरकार अथवा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड की राय में महत्वपूर्ण नहीं था।

(6) (क) आईडीआर धारक आईडीआरों का विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, 1992 अथवा इन अधिनियमों अथवा तत्समय लागू अन्य विधियों के उपबंधों के अधीन रहते हुए अंतरण कर सकेगा या देशी निक्षेपागार से मोचन करने की मांग कर सकेगा अथवा कोई व्यक्ति अधःस्थ इक्विटी शेयरों का परिवर्तन करके आईडीआर पुनः निर्गमित करने को कह सकेगा।

(ख) मोचन की दशा में, देशी निक्षेपागार विदेशी अभिरक्षक बैंक से तत्स्थानी अधःस्त साधारण शेयरों आईडीआर धारक के पक्ष में सीधे आईडीआर धारक की ओर से विक्रय किए जाने के लिए या आईडीआर धारक के नाम में जारीकर्ता कंपनी के खातों में अंतरित किए जाने के लिए निर्मुक्त कराए जाने का अनुरोध करेगा और ऐसे अनुरोध की एक प्रति सूचना के लिए जारीकर्ता कंपनी को भेजी जाएगी।

(ग) आईडीआर धारक, किसी समय, ऐसे व्यक्ति को नामनिर्दिष्ट कर सकेगा जिसे उसकी मृत्यु की दशा में उसकी आईडीआर निहित होंगी और इन नियमों के साथ संलग्न प्ररूप एफसी-5 का इस प्रयोजन के लिए उपयोग किया जा सकेगा।

(7) (क) आईडीआर निर्गमन की आय का प्रत्यावर्तन विदेशी मुद्रा के निर्यात संबंधी तत्समय लागू विधियों के अधीन है।

(ख) आईडीआर प्रस्ताव के माध्यम से एक वित्तीय वर्ष में प्रस्तुत अधःस्त सामान्य शेयरों की संख्या निर्गमन के बाद कंपनी के सामान्य शेयरों की संख्या के 25% से अधिक नहीं होगी।

(ग) किसी जारीकर्ता कंपनी की प्रतिभूतियों का अभिधान होते हुए भी, उसके द्वारा निर्गमित आईडीआर का भारतीय रुपए में अभिधान किया जाएगा।

(घ) इस नियम के अधीन निर्गमित आईडीआर उप नियम (3) के खंड (ट) में यथानिर्दिष्ट भारत में मान्यताप्राप्त स्टॉक एक्सचेंज (जों) में सूचीबद्ध होंगी और इस प्रकार की आईडीआर उक्त अधिनियम के उपबंधों के अधीन विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 की धारा 2(V) में यथापरिभाषित भारत के किसी निवासी द्वारा क्रय, धारण तथा मुक्त रूप से अंतरित की जा सकेंगी:

परंतु यह कि किसी जारीकर्ता कंपनी द्वारा निर्गमित आईडीआर को भारत के निवासी से अन्य किसी व्यक्ति द्वारा क्रय, धारण अथवा अंतरित किया जा सकता है जिसके लिए जारीकर्ता कंपनी को इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक से विशेष अनुमोदन लेना होगा अथवा इस विषय-वस्तु पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी की जाने वाली किसी नीति अथवा दिशा-निर्देशों का अनुपालन करना होगा।

(ङ) प्रत्येक जारीकर्ता कंपनी निरंतर ऐसी प्रकटीकरण अपेक्षाओं का अनुपालन करेगी जैसा कि इस संबंध में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए।

(च) जारीकर्ता कंपनी और देशी निक्षेपागार के बीच करारों में विनिर्दिष्ट रूप में आईडीआर पर लाभांशों या अन्य नियम कार्रवाइयों की प्राप्ति पर देशी निक्षेपागार उनको आईडीआर धारकों में उनके आईडीआर धारणों के अनुपात में वितरित करेगा।

(8) प्रोस्पेक्टस अथवा प्रस्ताव पत्र में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित विशिष्टियां होंगी-

(क) साधारण सूचना

(i) कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का नाम और पता;

(ii) देशी निक्षेपागार, विदेशी अभिरक्षक बैंक का, भारत में उसके कार्यालय के पते के साथ, नाम और पता, वाणिज्य बैंक, निर्गमन करने के लिए हामीदार और किसी ऐसे अन्य मध्यवर्ती का नाम और पता जिसे आईडीआर के निर्गमन के संबंध में नियुक्त किया जा सेकगा;

(i) उन स्टॉक एक्सचेंजों के नाम और पते जहां आईडीआरों को सूचीबद्ध कराने के लिए आवेदन दिए जाते हैं या दिए जाने का प्रस्ताव है;

(iv) मिथ्या आवेदनों के लिए दंड से संबंधित उपबंध;

(v) अधिक अभिदान के प्रतिदाय के लिए कथन या घोषणा;

(vi) आबंटन पत्रों या प्रमाण-पत्रों या आईडीआरों के निर्गमन के बारे में अनुबंधित अवधि के भीतर घोषणा;

(vii) निर्गमन खुलने की तारीख;

(viii) निर्गमन बंद होने की तारीख;

(ix) निर्गमन के बंद होने की शीघ्रतम तारीख;

(x) वाणिज्यिक बैंककार द्वारा हामीदारों के, उनके संबंधित दायित्वों से मुक्त करने के लिए, संसाधनों की पर्याप्तता के संबंध में ऐसा करने की आवश्यकता की दशा में घोषणा;

(xi) जारीकर्ता कंपनी द्वारा यह कथन कि आईडीआरों की निर्गमन से प्राप्त सभी धन एक पृथक देशी बैंक खाते में अंतरित कर दिए जाएंगे, उस बैंक का नाम और पता तथा उस खाते की प्रकृति और संख्या जिसमें उक्त रकम जमा की जाएगी;

(xii) आईडीआर निर्गमन की आगमों के प्रस्तावित उपयोजन का ब्यौरा।

(ख) कंपनी की पूंजीगत संरचना

जारीकर्ता कंपनी की प्राधिकृत, निर्गमित, अभिदान और समादत्त पूंजी।

(ग) निर्गमन के निबंधन

(i) अधःस्त प्रतिभूतियों के विरूद्ध आईडीआर धारकों के अधिकार;

(ii) प्रास्पेक्टस और प्ररूपों की उपलब्धता का ब्यौरा अर्थात तारीख, समय, स्थान, आदि;

(iii) आईडीआरों के निर्गमन की ईप्सा करने की रकम और उसके संदाय का तरीका; और

(iv) जारीकर्ता कंपनी और भारत में आईडीआर धारकों के लिए कोई विशेष कर सुविधाएं।

IndiaCode

(घ) निगर्मन की विशिष्टयां

(i) निर्गमन के उद्देश्य;

(ii) परियोजना की लागत, यदि कोई हो; और

(iii) परियोजनाओं के वित्त पोषण के साधन, यदि कोई हों, जिनके अधीन संप्रवर्तकों द्वारा अभिदाय भी हैं।

(ङ) कंपनी, प्रबंध और परियोजना

(i) कंपनी का मुख्य उद्देश्य, इतिहास और वर्तमान व्यवसाय;

(ii) संप्रवर्तक अथवा मूल समूह अथवा स्वामित्व समूह तथा उनकी पृष्ठभूमि:

परंतु कि यदि कोई अभिज्ञेय संप्रवर्तक न हो, तो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के सभी व्यक्तियों जो कंपनी के 5% अथवा अधिक साधारण शेयरपूंजी धारण करते हों, के नाम, पते और अन्य विशिष्टियां प्रकट किए जाएंगे;

(iii) कंपनी की समनुषंगियां, यदि कोई हो;

(iv) प्रबंध या बोर्ड की विशिष्टियां (अर्थात् कंपनी के निदेशकों, प्रबंधक, प्रबंध निदेशक या अन्य प्रधान अधिकारियों के नाम और पूरे पते);

(v) परियोजना का अवस्थान, यदि कोई हो;

(vi) जहां लागू होता हो, संयंत्र और मशीनरी, अवसंरचनात्मक सुविधाओं, प्रौद्योगिकी आदि का ब्यौरा;

(vii) परियोजना को कार्यान्वित करने की सूची और अब तक की गई प्रगति, यदि कोई हो;

(viii) उत्पाद (उत्पादों) की प्रकृति, उपभोक्ता (उपभोक्तों), औद्योगिक उपयोगकर्ता;

(ix) विधिक, वित्तीय और अन्य कमियों, यदि कोई हो, की विशिष्टियां;

(x) निर्गमन के प्रति कोई जोखिम के कारण, यदि प्रतीत होते हों;

(xi) वाणिज्यिक बैंककारों, विदेशी अभिरक्षक बैंक, देशी निक्षेपागार और आईडीआर के निर्गमन से सहबद्ध सभी अन्य मध्यवर्ती की सहमति; और

(xii) सभी स्टॉक एक्सचेंज, चाहे मूल देश में हों अथवा अन्यत्र, में जारीकर्ता कंपनी की सूची, व्यापार रिकॉर्ड अथवा पृष्ठभूमि की बाबत सूचना, जैसे कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट की जाए।

(क) रिपोर्ट

(i) जहां देश की विधि में, जिसमें जारीकर्ता कंपनी को निगमन किया गया है, वहां जारीकर्ता कंपनी के लेखों की वार्षिक सांविधिक लेखापरीक्षा की अपेक्षा हो तो जारीकर्ता कंपनी, उस प्ररुप, जैसा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट किया जाए, में एक रिपोर्ट देगी –

(क) प्रोसपेक्टस की तारीख से ठीक पहले के तीन वित्तीय वर्षों की बाबत जारीकर्ता कंपनी के लेखापरीक्षा वित्तीय विवरण,

(ख) निर्गमन खुलने की तारीख से पहले की तारीख, जो 180 दिन से कम हो, को समाप्त अवधि के संबंध में अंतरिम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण, यदि खंड (क) के अधीन प्रकट किए गए नवीनतम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण की अंतिम तारीख और निर्गमन खुलने की तारीख में 180 दिन से अधिक का अंतर हो:

परंतु यह और कि यदि नवीनतम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण की उक्त तारीख तथा निर्गमन खुलने की तारीख के मध्य 180 दिन अथवा कम का अंतर हो, तो खंड (ख) के अधीन अपेक्षा का अनुपालन माना जाएगा बशर्ते कि जारीकर्ता

कंपनी की वित्तीय स्थिति में महत्वपूर्ण परिवर्तन के संबंध में एक विवरण, जैसा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए, प्रोसपेक्टस में प्रकट किया जाता है:

परंतु और यह भी कि यदि जारीकर्ता कंपनी भारत के बाहर निगमित विदेशी बैंक है और जिसका नियमन बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के किसी सदस्य अथवा इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ सेक्यूरिटीज कमीशन के किसी ऐसे सदस्य द्वारा किया जा रहा है जो बहुपक्षीय समझौता ज्ञापन का हस्ताक्षरकर्ता है, तो इस पैराग्राफ के अधीन की अवधि जिसके लिए नवीनतम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण दिए जा रहे हैं, की अंतिम तारीख से शुरु होने वाली अवधि और निर्गमन खुलने की तारीख के संबंध में अपेक्षा पूरी होगी बशर्ते संबंधित वित्तीय विवरण उक्त सांविधिक लेखापरीक्षक की सीमित पुनरीक्षा रिपोर्ट पर आधारित हों।

(ii) जहां देश की विधि, जिसमें जारीकर्ता कंपनी का निगमन हुआ है, वहां कंपनी के लेखों की वार्षिक सांविधिक लेखापरीक्षा अपेक्षित नहीं हैं, तो चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 की परिभाषाओं और आशय में प्रेक्टिस कर रहे किसी चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा प्रमाणित एक रिपोर्ट, उस स्वरूप में जैसा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए, देगी –

(क) जारीकर्ता कंपनी, विशेषकर प्रोस्पेक्टस की तारीख से ठीक पहले के तीन वित्तीय वर्षों में से प्रत्येक लाभ और हानि संबंधी तथा जारीकर्ता कंपनी की आस्तियों और दायित्वों संबंधी वित्तीय विवरण और

(ख) यदि खंड (क) के अधीन प्रकट नवीनतम वित्तीय विवरण की अंतिम तारीख और निर्गमन खुलने की तारीख के बीच का अंतर 180 दिन से अधिक है, तो तारीख, जो निर्गमन खुलने की तारीख से पूर्व 180 दिन से कम होगी, को समाप्त अवधि के अंतरिम वित्तीय विवरण रिपोर्ट में शामिल किए जाएंगे:

परंतु यह कि यदि नवीनतम वित्तीय विवरण की उक्त तारीख और निर्गमन खुलने की तारीख के बीच का अंतर 180 दिन अथवा कम हो तो खंड (ख) के अधीन अपेक्षा का अनुपालन उस स्थिति में माना जाएगा जिस स्थिति में जारीकर्ता कंपनी की वित्तीय स्थिति में अंतर संबंधी एक विवरण, जैसा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए, प्रोस्पेक्टस में प्रकट किया जाएगा।

(iii) उप पैरा (I) और (ii) के अधीन निर्गमन खुलने की तारीख और रिपोर्ट देने की तारीख के बीच 120 दिन से अधिक का अंतर नहीं होगा।

(iv) यदि आईडीआर निर्गमन के आगमों का उपयोग अन्य निगमित निकाय (निकायों) में विनिधान के लिए किया जाता है तो ऐसे निगमित निकाय (निकायों) के बारे में निम्नलिखित ब्यौरा दिया जाए:

(क) निगमित निकाय का नाम और पता;,

(ख) यथास्थिति उन निगमित निकायों की बाबत उप खंड (i) और (ii) में कथित रिपोर्टें।

(छ) अन्य सूचना

(i) निर्गमन के लिए न्यूनतम अभिदान।

(ii) आईडीआर के निर्गमन में अंतर्वलित मध्यवर्तियों को संदेय फीसें और खर्चे।

(iii) विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 के अनुपालन संबंधी घोषणा।

(ज) दस्तावेज़ों का निरीक्षण

वह स्थान जिस पर ऑफर दस्तावेज़ों, वित्तीय ब्यौरों और उनकी संपरीक्षिक रिपोर्टों का सामान्य कारबार के समय के दौरान निरीक्षण किया जाएगा।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड या आयकर प्राधिकारियों या भारतीय रिजर्व बैंक अथवा अन्य विनियामक प्राधिकारियों द्वारा समय-समय पर यथा विनिर्दिष्ट अन्य कोई सूचना।

प्ररूप संख्या एफसी.1

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 380(1)(ज) और कंपनी (विदेशी कंपनी पंजीकरण) नियम, 2014 के नियम 3(3) के अनुसरण में]



सत्यमेव जयते

विदेशी कंपनी द्वारा दायर की जाने की सूचना

प्ररूप की भाषा o अंग्रेजी o हिंदी

प्ररूप दाखिल करने हेतु अनुदेश किट देखें।

1. *विदेशी कंपनी का नाम

2. (क) *देश का आईएसओ कोड , जहां विदेशी कंपनी पंजीकृत है

   (ख) देश का नाम

   (ग) पंजीकरण संख्या या जीएलएन

3. विदेशी कंपनी के पंजीकृत या प्रधान कार्यालय का पूरा पता

   *पंक्ति I

   पंक्ति II

   *शहर

   *राज्य

   *देश *पिन कोड

   *आईएसडी कोड सहित दूरभाष

   आईएसडी कोड सहित फैक्स

   *विदेशी कंपनी की ई-मेल आईडी

4. (क) *भारत में व्यवसाय के प्रमुख स्थल की स्थापना की तारीख

   (ख)*कार्यालय का प्रकार

   अगर अन्य कोई , तो विवरण दें

   (ग) भारत में व्यवसाय के प्रमुख स्थल का पता

   *पंक्ति I

   पंक्ति II

   *शहर

   *राज्य *पिन कोड

   *दूरभाष

   फैक्स

   *ई-मेल आईडी

   (घ) *भारत में किए जाने वाले व्यवसाय कार्य की मुख्य डिवीजन

IndiaCode

(एनआईसी 2004 में दी गई संगत उप श्रेणी और विवरण पर आधारित)

मुख्य डिवीजन का विवरण

5. भारत में व्यवसाय के अन्य स्थानों का ब्यौरा) यदि कोई हो

भारत में व्यवसाय के अन्य स्थानों की संख्या

I. (i) *स्थापना की तारीख

(ii) *कार्यालय का प्रकार

अगर अन्य है, तो विवरण दें

(iii) पता

*पंक्ति I

पंक्ति II

*शहर

*राज्य *पिन कोड

*दूरभाष संख्या

फैक्स संख्या

*ई-मेल आईडी

(iv) *ऐसे स्थान पर किए जाने वाले व्यवसायिक कार्य

6. उपर्युक्त के अलावा पहले किसी मौके (मौकों) पर भारत में स्थापित व्यवसाय के स्थान) (स्थानों) का ब्यौरा-

व्यवसाय के स्थान (स्थानों) उल्लेख

I. (i) *स्थापना की तारीख

(ii) *कार्यालय प्रकार

अगर अन्य हैं, तो विवरण दें

(iii) पता

*पंक्ति I

पंक्ति II

*शहर

*राज्य *पिन कोड

*दूरभाष संख्या

IndiaCode

फैक्स

*ई-मेल आईडी

(iv) * ऐसे स्थान पर किए जाने वाले व्यावसायिक कार्य

(v) (क) *व्यवसाय के ऐसे स्थान को बंद करने की तारीख

(ख) *ऐसे स्थान की विदेशी कंपनी पंजीकरण संख्या

7. विदेशी कंपनी को सर्व करने के लिए अपेक्षित प्रक्रिया सेवा और या अन्य दस्तावेजों को सौंपने के लिए विदेशी कंपनी की ओर से स्वीकार करने के लिए प्राधिकृत भारत में रह रहे एक या अधिक व्यक्ति/व्यक्तियों का विवरण-

*प्राधिकृत व्यक्तियों की संख्या

प्राधिकृत व्यक्तियों के ब्यौरे

निदेशक पहचान संख्या (यदि कोई हो)

*आयकर स्थायी खाता संख्या (आयकर पैन)

*विदेशी कंपनी की ओर से स्वीकार करने के लिए प्राधिकृत भारत में निवासी व्यक्ति का नाम-

*o पिता का नाम o माता का नाम o पति/पत्नी का नाम

*पदनाम

सदस्यता संख्या (अगर सचिव हो तो)

*राष्ट्रीयता *जारी करने की तारीख

अगर वर्तमान राष्ट्रीयता मूल राष्ट्रीयता नहीं हो तो, मूल राष्ट्रीयता का उल्लेख करें

पासपोर्टों की संख्या

पासपोर्ट संख्या जारी करने की तारीख

जारी करने वाला देश

*व्यवसाय का प्रकार o स्वनियोजित o व्यावसायिक o गृहणी o विद्यार्थी o कर्मचारी

व्यवसाय का क्षेत्र

अगर अन्य चुने गए, उल्लेख करें

स्थायी पता

*पंक्ति I

पंक्ति II

*शहर

*राज्य/संघ शासित *पिन कोड

*देश का आईएसओ कोड देश

*दूरभाष फैक्स

*ई-मेल आईडी

IndiaCode

*क्या स्थायी पता और वर्तमान पता एक है, ◻ हां ◻ नहीं (रेडियो बटन)

वर्तमान पता

*पंक्ति I

पंक्ति II

*शहर

*राज्य/संघ राज्य क्षेत्र *पिन कोड

*देश का आईएसओ देश

*दूरभाष फैक्स

*क्या प्राधिकृत व्यक्ति मुख्तारनामा या प्रस्ताव पारित करके नियुक्त किया गया है

O मुक्तारनामा O प्रस्ताव

8. किसी प्राधिकरण से अनुमति प्राप्त करने का विवरण

प्राधिकारणों की संख्या , जिनसे अनुमति ली गई

i) *प्राधिकारी का नाम

ii) *अनुमति आदेश प्राप्त करने की तारीख

iii) *आदेश संख्या

iv) ऐसी अनुमति के लिए , वैधता की अवधि ,यदि कोई हो

v) *अनुमति ली गई

vi) नियम और शर्तों के संक्षिप्त ब्यौरे ,जिसके अधीन ऐसी अनुमति दी गई है ,यदि कोई हो-

vii) अन्य विवरण , यदि कोई हो

9. (i) *क्या यह आवेदन करते समय मूल कंपनी प्रचालन में है ◻ हां ◻ नहीं

(ii) *क्या मूल कंपनी के विरुद्ध कोई समापन प्रक्रिया लंबित है ◻ हां ◻ नहीं

यदि हां , तो बताएं

10. विदेशी कंपनी अथवा ऐसी विदेशी कंपनी की कोई अनुषंगी या होल्डिंग कंपनी या भारत में कोई फर्म जिसमें ऐसी विदेशी कंपनी या इसकी होल्डिंग या अनुषंगी कंपनी साझेदार है ,की भारत में अनुषंगी , धारक या सहायक कंपनी का विवरण:

*ऐसी कंपनियों की संख्या

ऐसी कंपनियों के ब्यौरे

I. i. *सीआईएन/एफसीआरएन/एलएलपीआई/अन्य पंजीकरण संख्या पूर्व भूमित

ii. *ऐसी कंपनी या फर्म का नाम

iii. *क्या कंपनी है

IndiaCode

11. भारत में व्यक्तियों ,फर्मों या कंपनियों के ब्यौरे जिसे अधिनियम की धारा 2 के खंड 76 के अनुसार विदेशी कंपनी या ऐसी विदेशी कंपनी की कोई अनुषंगी या धारक कंपनी या ऐसी कोई फर्म जिसमें ऐसी विदेशी कंपनी या इसकी अनुषंगी या होल्डिंग कंपनी साझेदार है , को 'होल्डिंग पार्टी' मानी जाएगा।

संबंधित पार्टियों की संख्या

संबंधित पार्टियों के ब्यौरे

I. i. *डिन/पैन/सीआईएन/एफसीआरएन/एलएलपीआईएन/अन्य पंजीकरण संख्या पूर्व भरित

ii. *ऐसी कंपनी या फर्म का नाम

iii. *क्या कंपनी है

12. (क) * क्या कंपनी, कंपनी अधिनियम , 2013 की धारा 379 के तहत आती है O हां O नहीं

(ख) अगर हां , तो धारा 379 के तहत आने वाले ऐसे व्यक्तियों की संख्या

ऐसे व्यक्ति/व्यक्तियों की संख्या

*वर्ग

व्यक्ति का विवरण

निदेशक पहचान संख्या पूर्व भरित

*आयकर स्थायी खाता संख्या (आयकर पैन)

*व्यक्ति का नाम

*O पिता का नाम O माता का नाम O पति/पत्नी का नाम

*राष्ट्रीयता *जन्मतिथि

*व्यवसाय प्रकार O स्वनियोजित O व्यावसायिक O गृहणी O छात्र O कर्मचारी

व्यवसाय का क्षेत्र

अगर अन्य चुने हुए, उल्लेख करें

*शैक्षिक योग्यता

स्थायी पता

*पंक्ति I

पंक्ति II

*शहर

*राज्य/संघ राज्य क्षेत्र *पिन कोड

*देश का आईएसओ कोड

देश

*दूरभाष फैक्स

मोबाइल

*ई-मेल आईडी

IndiaCode

*क्या स्थायी पता और वर्तमान पता एक है, □हां □नहीं (रेडियो बटन)

वर्तमान पता

*पंक्ति I

पंक्ति II

*शहर

*राज्य/संघ राज्य क्षेत्र *पिन कोड

*देश का आईएसओ कोड

देश

*दूरभाष फैक्स

कंपनियों/निगमित निकायों का विवरण

पूर्व पृष्ठ

क) सीआईएन/एलएलपीआईएन/अन्य पंजीकरण संख्या

ख) कंपनी/निगमित निकाय का नाम

ग) संपर्क विवरण सहित पता

घ) कंपनी का ई-मेल पता

ङ) दूरभाष संख्या

च) फैक्स संख्या, यदि कोई हो

13. स्टांप शुल्क के भुगतान के ब्यौरे) ब्यौरे भरने से पूर्व ब्यौरे संबंधी अनुदेश फिट देखें

(क) राज्य या संघ शासित प्रदेश जिसके संबंध में स्टांप शुल्क पूर्व का भुगतान किया गया अथवा किया जाना है पूर्व पृष्ठ

(विदेश में निस्पादित (मुख्तारनामों के लिए)

(ख) क्या स्टांप शुल्क का भुगतान एमसीए-21 प्रणाली द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप से किया जाना है O हां O नहीं O लागू नहीं।

(i) भुगतान योग्य स्टांप शुल्क का विवरण
भुगतान की जाने वाली स्टांप शुल्क की राशि रुपए में

(ii) पहले से भुगतान किए जा चुके स्टांप शुल्क के ब्यौरे दे

दस्तावेज़/ब्यौरे का प्रकार	प्ररूप 22.1
भुगतान किए गए स्टांप शुल्क की कुल राशि (रुपए में)	
स्टांप शुल्क की भुगतान का तारीका	
भारतीय स्टांप अधिनियम के नियम 18 के अनुसार विदेश में निष्पादित दस्तावेजों को स्टांप करने के लिए स्टांप संग्रह का कार्यालय या निर्धारिति प्राधिकरण का नाम	
एंबोसिंग या स्टाप या कोश चालान संख्या की क्रमांक संख्या	
स्टांप शुल्क भुगतान करने की तारीख	(दिन/माह/वर्ष)
स्टांप शुल्क भुगतान करने का स्थान	

संलग्नक

1. *कंपनी के गठन या संविधान को परिभाषित करने वाले कंपनी के चार्टर अध्यादेश या जापन और अनुसूचियां या अन्य लिखत की प्रमाणित प्रति; संलग्न करें
2. *विदेशी कंपनी के निदेशकों और सचिवों की सूची; संलग्न करें

IndiaCode

3. *प्राधिकृत प्रतिनिधि (प्रतिनिधियों) के पक्ष में मुख्तारनामा या बोर्ड का संकल्प; संलग्न करें
4. *भारतीय रिज़र्व बैंक का प्रस्ताव; संलग्न करें
5. धारा 379 के तहत आने वाले व्यक्तियों के ब्यौरे; संलग्न करें
6. भारत में व्यवसाय के मुख्य स्थल के अलावा व्यवसाय स्थलों का विवरण; संलग्न करें
7. पूर्व किसी अवसर (अवसरों) पर स्थापित व्यवसाय स्थलों का विवरण;
8. प्राधिकृत प्रतिनिधियों के ब्यौरे;
9. प्राधिकृत व्यक्तियों का अन्य कंपनियों में हित; संलग्न करें
10. भारत में विदेशी कंपनी की अनुषंगी ,धारक या सहायक कंपनियों के ब्यौरे संलग्न करें
11. विदेशी कंपनी से संबंधित कंपनी के ब्यौरें संलग्न करें
12. अन्य प्राधिकरण (प्राधिकरणों/(नियामक) नियामकों) की अनुमति पत्र की प्रति; संलग्न करें
13. वैकल्पिक संलग्नक , यदि कोई हो

घोषणा

मैं* [ ]

कंपनी का प्राधिकृत, प्रतिनिधि, एतदद्वारा प्रमाणित करता हूं कि मैं दि.....के प्रस्ताव संख्या..... द्वारा कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा प्राधिकृत हूं और घोषणा करता हूं कि इस प्ररूप और इससे संबंधित मामलों की विषय-वस्तु के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बने नियमों की सभी अपेक्षाओं का पालन किया गया है। आगे यह घोषणा और सत्यापन किया जाता है कि :

1. इस प्रपत्र में जो कुछ बताया और संलग्न किया गया है, वह सत्य, सही और पूर्ण है और इस प्ररूप के विषय-वस्तु की कोई सूचना छिपाई नहीं गई है और संस्थान के बहिर्नियम तथा संस्था के अंतर्नियम समर्थित संप्रवर्तकों द्वारा रखे गए मूल अभिलेखों के अनुसार है।
2. *किसी भी निदेशक या भारत में प्राधिकृत प्रतिनिधि को दोषी सिद्ध नहीं किया गया है या भारत या विदेश में कंपनियों की स्थापना और प्रबंधन के लिए नहीं रोक गया।*
3. *इस प्ररूप में संलग्न सभी संलग्नक पूर्ण, सही और सत्य है ।*

*डिजीटल हस्ताक्षर किया जाए

*प्राधिकृत प्रतिनिधि का नाम [ ]

*प्राधिकृत प्रतिनिधि का आयकर पैन [ ]

नोट: धारा 448 के उपबंधों की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया जाता है जिनमें क्रमशः गलत विवरण देने हेतु दंड और गलत साक्ष्य देने हेतु दंड का प्रावधान है।

संशोधित करें | प्ररूप चेक करें | पूर्व संवीक्षा | जमा करें

कार्यालय प्रयोग हेतु:

फाइलिंग ब्यौरे संलग्न करें

ई-प्ररूप सेवा अनुरोध संख्या (एसआरएन) [ ] ई-फार्म दायर करने की तारीख [ ] (दिन/माह/वर्ष)

एतदद्वारा प्ररूप को पंजीकृत किया जाता है

प्राधिकृत अधिकारी का डिजीटल हस्ताक्षर [ ]

जमा की पुष्टि करें

हस्ताक्षर की तिथि (दिन/माह/वर्ष)

प्रपत्र सं. एफसी-2 [कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 380(3) और कंपनी (विदेशी कंपनी पंजीकरण) नियम, 2014 के नियम 3(4) के अनुसरण में]	विदेशी कंपनी के पंजीकरण के लिए दायर दस्तावेज में परिवर्तन का विवरण?

प्रपत्र की भाषा.....अंग्रेजी.....हिन्दी

प्रपत्र दाखिल करने के हेतु निदेश फिर देखें

1. *विदेशी कंपनी पंजीकरण संख्या(एफसीआरएन) पूर्व पृष्ठ
2. (क) कंपनी का नाम

   (ख) कंपनी के पंजीकृत कार्यालय या भारत में व्यवसाय के मुख्य स्थान का पता

   (ग) कंपनी का ई-मेल पता

3. *विवरण का प्रकार

   - ☐ संगठन के चार्टर, अध्यादेश या ज्ञापन या संगठन के अनुच्छेद में परिवर्तन
   - ☐ कंपनी के भारत में निगमीकरण के पंजीकृत या मुख्य कार्यालय में परिवर्तन
   - ☐ कंपनी के भारत में व्यवसाय स्थलों में परिवर्तन
   - ☐ निदेशकों या सचिव में परिवर्तन
   - ☐ कंपनी द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि (प्रतिनिधियों) के ब्यौरे में परिवर्तन

4. (क) इस तरह के परिवर्तन को प्राधिकृत करने वाली बोर्ड की बैठक की तारीख, अगर कोई हो तो

   (ख) आम सभा की तारीख, (अगर कोई हो तो)

   (ग)*क्या कोई मूल कंपनी की स्थित या कार्यों में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है *हां *नहीं

यदि हां, संक्षिप्त विवरण दें (संलग्नक अपेक्षित है)

(घ)*क्या मूल कंपनी के स्वामित्व में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है *हां *नहीं

यदि हां, संक्षिप्त विवरण दें (संलग्नक अपेक्षित हैं)

भाग क: संगठन या संगठन के अनुच्छेदों के चार्टर, सांविधिक या कंपनी के बर्हिनियम या कंपनी के आंतरिक नियमों में परिवर्तन

5.(क)*परिवर्तन की तारीख

(ख)*परिवर्तन का संक्षिप्त विवरण

IndiaCode

(ग)*ऐसे परिवर्तन के कारण

(घ)*प्रस्ताव का प्रकार O सामान्य O विशेष

(ङ)* क्या कंपनी के नाम में कोई बदलाव हुआ है

O हां O नहीं

यदि हां, कंपनी के बदले हुए नाम का उल्लेख करें

भाग ख: निगमीकरण कार्यालय के देश में कंपनी के पंजीकृत या मुख्य कार्यालय में परिवर्तन

6.(क) निगमीकरण कार्यालय के देश में कंपनी के पंजीकृत या मुख्य कार्यालय का पता

*पंक्ति I

पंक्ति II

*शहर

*राज्य

*पिन कोड *आईएसओ देश का कोड

देश

*टैलीफोन नंबर आईएसडी कोड के साथ

फैक्स नंबर आईएसडी कोड के साथ

*ई-मेल आई डी

(ख) परिवर्तन की तारीख

(ग) परिवर्तन का कारण

भाग ग: कंपनी के भारत में व्यवसाय स्थल में परिवर्तन

7. परिवर्तनों की संख्या

I. (क) क्या परिवर्तन संबंधित है

O व्यवसाय के मुख्य स्थल से O व्यवसाय के अन्य स्थल (स्थलों) से

(ख) परिवर्तन का प्रकार

O व्यवसाय के मुख्य/अन्य स्थलों के पते में बदलाव O ऐसे स्थानों को बंद करना

(ग) प्रत्येक परिवर्तन के संबंध में विवरण

IndiaCode

(i) *परिवर्तन लागू होने की तारीख

(ii) *ऐसे परिवर्तन के कारण

(iii) (क) कंपनी के व्यवसाय के मुख्य/अन्य स्थानों का वर्तमान पता

*पंक्ति I

पंक्ति II

*शहर

*राज्य

*पिन कोड

(ख) कार्यालय का प्रकार

अगर अन्य तो, विवरण प्रस्तुत करें

(iv) नया पता (अगर पते में परिवर्तन हुआ है तो)

*पंक्ति I

पंक्ति II

*शहर

*राज्य

*पिन कोड

फैक्स संख्या

*ई-मेल आईडी

*टैलीफोन नंबर

(v) *क्या कार्यालय के प्रकार में कोई परिवर्तन o हां o नहीं

यदि हां, तो कार्यालय के प्रकार का उल्लेख करें

यदि अन्य, तो उल्लेख करें

(vi) *क्या ऐसे परिवर्तन के लिए कोई अनुमति लेना अपेक्षित है

O हां O नहीं

यदि हां, प्राधिकारी का नाम

अनुमति प्राप्त करने की तारीख

आदेश संख्या

(vii) *क्या व्यवसाय में परिवर्तन हुआ है o हां o नहीं

यदि हां, तो व्यवसाय के नए कार्यों का उल्लेख करें-

IndiaCode

ii. भारत में व्यवसाय स्थल बंद करने के मामले में क्या कंपनी का भारत में अन्य किसी स्थान पर अब भी व्यवसाय जारी है:

(रेडियो बटन) O हां O नहीं

यदि हां, भारत में ऐसे स्थान (स्थानों) की कुल संख्या

भाग घ: निदेशकों या सचिवों के ब्यौरों में परिवर्तन

8. *परिवर्तनों की संख्या

I. (क) *ब्यौरे में परिवर्तन-

O निदेशक के O सचिव के

(ख) प्रत्येक परिवर्तन के ब्यौरे:

(i)*परिवर्तन की तारीख

(ii) *परिवर्तन का संक्षिप्त विवरण

(iii)*इसके कारण

IndiaCode

भाग ङ: कंपनी के प्राधिकृत प्रतिनिधि के ब्यौरों में परिवर्तन

9. प्रतिनिधियों की कुल संख्या, जिनके ब्यौरे में परिवर्तन हुआ है

प्रत्येक परिवर्तन के ब्यौरे:

I.(i) *परिवर्तन का प्रकार

- o दस्तावेजों की सुपुर्दगी स्वीकार करने के लिए प्राधिकृत नए व्यक्ति की नियुक्ति
- o दस्तावेजों की सुपुर्दगी स्वीकार करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति के ब्यौरे में संशोधन
